समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# हनुमानगढ़ मे 24 जून से शुरू होगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा योजनाओं का लाभ ।

Publisher

Published on 21 Jun 2025



## “जनकल्याण को समर्पित इस अभियान मे राजस्व, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, जल, कृषि जैसे विभाग लगाएंगे विशेष शिविर, पात्र लोगों को मिलेगा सीधा लाभ”

सवांदाता, हनुमानगढ़,

राजस्थान

**हनुमानगढ़, राजस्थान :** राजस्थान सरकार द्वारा संचालित **पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा** का आयोजन **24 जून से 9 जुलाई 2025** तक हनुमानगढ़ जिले में **व्यापक स्तर** पर किया जाएगा। **जिला कलेक्टर श्री काना राम** ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। इस अवसर पर एडीएम **श्री उम्मेदी लाल मीणा** भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने बताया कि यह अभियान **शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं मे से एक है**, जिसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ **अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाना है**। इस दौरान **विभिन्न विभागों द्वारा विशेष शिविरों के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी** और जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा।

**प्रमुख विभागों और सेवाओं की सूची**

१. **राजस्व विभाग**
नामांतरण, सीमाज्ञान, रास्ता विवाद
भूमि आवंटन और लंबित प्रकरणों का निस्तारण
अटल ज्ञान केंद्र हेतु स्थल चयन

२. **ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग**
गरीबी मुक्त गांव योजना
बीपीएल परिवारों का सर्वे
स्वामित्व पट्टा वितरण
जलग्रहण संरचना मरम्मत

३. **ऊर्जा विभाग**
झूलते तारों व पोल की मरम्मत
पेड़ों की कटिंग

४. **जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग**
जल कनेक्शन, टंकी सफाई, लीकेज मरम्मत
जलदबाव जांच व पाइपलाइन मरम्मत

५. **कृषि और उद्यानिकी विभाग**
ड्रिप व फव्वारा सिंचाई योजनाओं की स्वीकृति
मृदा परीक्षण और स्वास्थ्य कार्ड वितरण

६. **वन विभाग**
नर्सरी से पौधा वितरण, पौधारोपण कार्यक्रम

७. **चिकित्सा, पशुपालन, शिक्षा, समाज कल्याण विभाग**
आयुष्मान व यूडीआईडी कार्ड
टीबी, एनसीडी स्क्रीनिंग, टीकाकरण
पशु हेल्थ सर्टिफिकेट, बीमा सत्यापन
स्कूली व्यवस्थाओं का सुधार, स्कूटी वितरण, लैब शुभारंभ
सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन

**'यह अभियान अंत्योदय की भावना को साकार करने का अवसर' — कलेक्टर काना राम**
**जिला कलेक्टर काना राम** ने बताया कि सभी विभागों को निर्देशित किया गया है कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने इसे केवल सेवा नहीं, बल्कि '**अंत्योदय की सच्ची अभिव्यक्ति**' बताया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.